तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025

12 सत्संग में 121 लोगों ने लिया देहदान का संकल्प, ...



12 सोशल मिडिया में संविधान निर्माता पर अभद्र ...





## खबर संक्षेप

### बारिश होने के बाद टमाटर 13 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** रविवार की शाम को बारिश होने के चलते साप्ताहिक बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददार कम दिखे। हालांकि इस रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददार पहुंचे थे। बाजार में टमाटर 13, करेला 50, फूलगोभी 40, भिंडी 50, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### मौसम ने ली करवट, आंधी चली ओले के साथ हुई बारिश



**गीदम।** नगर में दोपहर के बाद अचानक मौसम में बदलाव हुआ। रविवार दोपहर को तेज धूप के बाद अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते शाम को तेज आंधी के साथ ओले की बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी व उमस से कुछ राहत मिली। कुछ जगहों पर बिजली के पोल टूटने, पेड़ गिरने से बिजली गुल है। बारिश के कारण लोगों को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में गीदम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मुख्य मार्ग में पेड़ गिरने के कारण कुछ देर मार्ग अवरुद्ध रहा। जिससे मार्ग के दोनों तरफ गाड़ियों की कतारे लग गई। पेड़ को मुख्य मार्ग से नगर पंचायत की टीम द्वारा हटवा कर मार्ग को चालू करवाया गया।

### प्रखर वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का व्याख्यान कोंडागांव में 23 को

**जगदलपुर।** श्रीराम मानस मंडल कोंडागांव के तत्वावधान में राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति का महासंगम विषय पर 23 अप्रैल को शाम 6:30 बजे छात्रवास मैदान कोंडागांव में कार्यक्रम होगा। जहां प्रख्यात राष्ट्रवादी विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं सनातन धर्म के प्रबल सर्मथक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ व्याख्यान देंगे।

### न्याय पदयात्रा में शामिल होंगे तीन प्रदेश के लोग

**जगदलपुर।** ओडिशा के मलकानगिरी जिला मुख्यालय से 60 कि.मी दूर गांव में 12 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार और हत्या कर पेड़ में लटका दिया गया। बालिका के हत्या के विरोध में न्याय पदयात्रा 24 से 26 अप्रैल तक घटना ग्राम से निकलेगी। 27 अप्रैल को न्याय सत्याग्रह में तीन प्रदेश ओडिशा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के एसटी, एससी वर्ग के हजारों लोग जुटेंगे।

# एनएसएल प्लांट ने एक सप्ताह में 3 रिकॉर्ड तोड़ नया कीर्तिमान स्थापित किया

## सिंटर और कॉइल उत्पादन में बना इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रिकॉर्ड तो टूटने के लिए ही बनते हैं। फिर भी, ऐसा लगता है की एनएसएल स्टील प्लांट रिकॉर्ड तोड़ने का रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार है। हाल ही में स्थापित तीन रिकॉर्ड दिन का सबसे अधिक सिंटर उत्पादन, दिन का सबसे अधिक कच्चा इस्पात उत्पादन और दिन का सबसे अधिक एचआर कॉइल उत्पादन 19 अप्रैल को टूट गए। आश्चर्य की बात यह है की यह तीनो रिकॉर्ड स्थापित किये सप्ताह भी नहीं गुज़ारा है। सिंटर प्लांट ने 16 अप्रैल को एक दिन में 12941 टन सिंटर का उत्पादन किया था, जो अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था।

बमुश्किल तीन दिन बाद, 19 अप्रैल को, इसने 13131 टन का शानदार उत्पादन करके अपने लिए एक नया मानदंड स्थापित किया। इसी तरह, थिन स्लैब कास्टर ने 14 अप्रैल को 8477 टन उत्पादन किया था, जिसने 8659 टन कच्चा इस्पात का उत्पादन करके 19 अप्रैल को अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, एनएसएल की हॉट स्ट्रिप मिल ने 14 अप्रैल को रिकॉर्ड 8309 टन एचआर कॉइल का उत्पादन किया था, जिसने 19 अप्रैल को 8863 टन एचआर कॉइल का उत्पादन करके अपने पिछले प्रदर्शन को भुला दिया।



### उत्तरोत्तर वृद्धि की उम्मीद

एकीकृत स्टील प्लांट में घनिष्ठ परिचालन संबंध यह सुनिश्चित करता है कि एक इकाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन दूसरे को भी उसी तरह से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, और इस प्रक्रिया में मानक को ऊपर उठाता है। आगे चलकर एनएसएल टीम की तालमेल में उत्तरोत्तर वृद्धि की उम्मीद है जो एनएसएल स्टील प्लांट को हॉट रोल्ड स्टील के अग्रणी घरेलू उत्पादक के रूप में स्थापित करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगी। उक्त जानकारी एनएमडीसी स्टील प्लांट के महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख रफीक अहमद जिनाबड़े ने दी।

**विकास :** विधायक ने कहा यह शुरूआत है, आगे भी ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र में दी जाएंगी सुविधाएं

# 840.77 लाख के विकास कार्यों का विधायक गोयल ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जनता के सहयोग और आशीर्वाद से हम लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। यह शुरूआत है भविष्य में भी क्षेत्र के विकास व ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए इसी तरह के विकास कार्य क्षेत्र में होते रहेंगे। यह कहना था चित्रकोट विधायक विनायक गोयल को जो उन्होंने बास्तानार ब्लाक के विभिन्न पंचायतों में 840.77 लाख रुपए के विकास कार्यों के भूमिपूजन अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधति करते हुए कही।

विधायक गोयल द्वारा किए गए विकास कार्यों के भूमिपूजन की क्षेत्र के लोगों ने जमकर सराहना की। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि भविष्य में क्षेत्र के विकास व ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए शासन शासन द्वारा अन्य जनहितकारी योजनाएं लाई जाएगी और क्षेत्र के लोगों की मांग के अनुरूप विकास कार्य किए जाएंगे।

बास्तानार ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में रविवार को विकास की एक नई इबारत लिखी गई। क्षेत्र में एनिकट सह सोलर पंप, बाजार शेड, एनीकेट कम काजवे सह सोलर पंप, विद्युत निर्माण कार्य तथा सीसी सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 840.77 लाख रुपये की लागत से भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक गोयल ने ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से हम लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। यह तो अभी शुरूआत है भविष्य में भी इसी तरह के विकास कार्य क्षेत्र में होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भूमि पूजन समारोह न सिर्फ विकास की नींव है बल्कि क्षेत्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम भी है। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, जिला मंत्री बाबुल नाग, पूर्व मण्डल ⏭ शेष पेज 12 पर

# राकसमुंडा तालाब की होगी जांच, गुरु गोविंद सिंह वार्ड की नजूल जमीन होगी मुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- तहसीलदार से वार्ड वासियों ने की पट्टे की मांग

तालाब कब्जा एक गंभीर समस्या है जो निगम क्षेत्र में देखी जा रही है। इससे न केवल जल संसाधन प्रभावित होते हैं बल्कि लोगों के जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तालाबों पर अवैध कब्जे को रोकने के लिए कानूनी उपाय उपलब्ध है लेकिन इस समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित राकसमुंडा तालाब सालों से किसी व्यक्ति द्वारा कब्जा किया हुआ है, इस बात को वार्ड वासी एवं पटेल ⏭ शेष पेज 12 पर

# कोर्ट मोहर्रिर, वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी व कंट्रोल रूम प्रभारियों की एसपी ने लगाई क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- जनता द्वारा मांगी गई मदद व दी गई सूचनाओं को गंभीरता से लेने कहा

आम जनों द्वारा मांगे जाने मदद व दी जाने वाली सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित तक पहुंचाने तथा सतर्कतापूर्ण ड्यूटी करने, अच्छे गणवेश धारण करने की नसीहत एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया। त्रिवेणी भवन परिसर में आयोजित बैठक में 75 से अधिक अधिकारियों की क्लास लगाकर एसपी ने कहा कि अपने कार्यप्रणाली में और सुधार करें, जिससे आमजनों को शिकायत का मौका न मिले।

रविवार को एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग द्वारा त्रिवेणी परिसर में जिला न्यायालय के सभी कोर्ट मोहर्रिर, विभिन्न संस्थान एवं वीआईपी के सुरक्षा ड्यूटी में संलग्न गार्ड प्रभारियों एवं कंट्रोल रूम के अधिकारी व कर्मचारियों की मीटिंग आहूत की गई थी। मीटिंग में एसपी द्वारा सभी गार्ड कमांडर को सतर्कता पूर्ण ड्यूटी करने, साफ सुथरी एवं अच्छे गणवेष धारण करने, मुस्तैदी से ड्यूटी निर्वहन करने निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला न्यायालय में कर्तव्यस्थ सभी कोर्ट मोहर्रिर को भी न्यायालय द्वारा सौंपे गए न्यायालयीन कार्यों में विशेष रुचि लेकर त्वरित निराकरण के लिए प्रयासरत रहने थाने तथा कोर्ट के मध्य सामंजस्य रखकर कार्य करने के कहा। इसके अलावा जिला कंट्रोल रूम के सभी कर्मचारियों को भी विशेष सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा आमजनों द्वारा मांगे जाने वाली सहायता अथवा दिए जाने वाले सूचनाओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए संबंधित तक पहुचाने तथा कार्यप्रणाली में और सुधार करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में एसपी शलभ कुमार सिन्हा एसपी माहेश्वर नाग, आरआई अभिजीत भदौरिया के अलावा न्यायालय, पुलिस कण्ट्रोल रूम व वीआईपी सुरक्षा में तैनात 75 से अधिक गार्ड प्रभारी मौजूद थे।




# मसीह समाज ने मनाया ईस्टर पर्व, लाल चर्च कैंपस में लघु नाटिका का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





पुनरुत्थान दिवस अर्थात ईस्टर पर्व आज मसीह समाज ने मनाया। गुड फ्राइडे के दिन यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था और मसीह विश्वासियों का ऐसा मानना है कि उनका दो दिन बाद पुनर्जन्म हुआ था। लाल चर्च के मसीह समाज प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि ऐसा विश्वास है कि आज यीशु मसीह जी उठे भोर के समय लाल चर्च कैंपस में एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। महिला समिति द्वारा जिसमें यीशु के जी उठने के संबंध में मंचन किया गया। उसके पश्चात रैली के रूप में ओहो प्यारो मसीहा जिया है, चलो दर्शन को चले सखी उक्त मसीह गीत को गाते हुए कब्रिस्तान की ओर गए। साथ ही यह नारे भी लगा रहे थे यीशु जी उठा है, निश्चय जी उठा है, कब्रिस्तान में पहुंचकर सभी मसीह स्वजन विश्वासी अपने-अपने पूर्वजों मृतकों के कब्र पर जाकर फुल मालाएं, ⏭ शेष पेज 12 पर

### नियमावली का किया विमोचन

*लाल चर्च में नियमावली का भी विमोचन विशप डॉ. एस. सुना, पास्टर लॉरेंस दास तथा चर्च समिति लोकल प्रीचरो प्रमुखों के समक्ष इसका विमोचन किया गया। सुबह से ही शांति नगर स्थित मसीह कब्रिस्तान एवं करकापाल मसीह कब्रिस्तान में लोगों का आना-जाना लगा था, दोनों कब्रिस्तान में भी काफी भीड़ देखी गई। करकापाल मसीह कब्रिस्तान में डॉ. सुरेंद्र चालकी एवं उनके कमेटी के सदस्यों द्वारा नास्ते का इंतजाम किया गया था। ईस्टर पर्व के उपलक्ष में सोमवार को लाल चर्च मैदान में ईस्टर मेले का आयोजन महिला समिति द्वारा किया गया है।*

## खबर संक्षेप

### हिंरगे में मोबाइल टावर की रेंज बढ़ाने की मांग



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत पैरेकाडो के आश्रित ग्राम हिंरगे में मोबाइल टावर का रेंज नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हो रहे है। हिंरगे निवासी वासुदेव नेताम, तलेश नेताम, रामदास नेताम, किशोर नेताम, सागर नेताम, चंद्रशेखर नेताम, दिनेश नरेटी, शेरसिंग नेताम, धनराज नेताम, राधेश्याम, जीवन नरेटी और मदन ने बताया है कि हिंरगे से 2 किमी की दूरी पर जियो टावर स्थापित है। फिर भी रेंज यहां नहीं मिल रहा है, जिसे काफी परेशानी हो रही हैं। हमारी मांग है कि टावर के रेंज को बढ़ाया जाए।

### विधायक ने रेल प्रबंधन को व्यवस्था सुधारने किया मांग



**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद को भानुप्रतापपुर प्रवास के दौरान अपने प्रतिनिधि के द्वारा एक पत्र सौंपा। इस पत्र में भानुप्रतापपुर नगर से रेलवे स्टेशन जाने के लिए पहुंच मार्ग बनवाने एवं दल्लीराजहरा से ताड़ोकी तक सुबह जाने वाली गाड़ी को यात्री ट्रेन के रूप में चलाए जाने की मांग किया है।

### शराब पीने की सुविधा देने वाला युवक पकड़ा गया

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने 19 अप्रैल को दोपहर डेढ़ बजे ग्राम पेड़ावारी रोड़पारा आरोपी के घर सामने दबिश दी।आरोपी पेड़ावारी निवासी 40 वर्षीय फरीद नेताम पिता मंगूराम नेताम को पकड़ा। शराब पीने वाले पुलिस को आता देख भागने में कामयाब हुए। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से कब्जे से एक सफेद रंग की 1 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक पानी बॉटल में देशी महुआ शराब लगभग 85 एमएल कीमती करीबन 50 रूपएं एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत दाबकट्टा निवासी 40 वर्षीय मुकुन्द पटेल ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी 19 अप्रैल को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम किया गया।

### कोंडे का 2 दिवसीय वार्षिक मेला लगाया जाएगा आज से

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम कोंडे का दो दिवसीय वार्षिक मेला 21 और 22 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। मेला की तैयारी के लिए गायता गांडोराम पुड़ो, पटेल नरेश पुड़ो, मनीराम पुड़ो, बुधरु राम पुड़ो, रुकधर पुड़ो राजेश पुड़ो, दीपक पुड़ो, मन्नूराम पुड़ो, सरपंच ग्राम पंचायत कोंडे प्रेमसिंह पुड़ो, उपसरपंच ग्राम पंचायत कोंडे शंकर लाल जैन, वार्डपंच, कमलेश्वर साहू, मनाय बाई पुड़ो, कुंती पुड़ो, सोनाय पुड़ो, सविता कुंजाम उर्मिला नरेटी, दयाबाई, देवन्तिन नरेटी श्यामलाल ध्रुव, रायसिंह दुग्गा तैयारी में जुटे हुए हैं।

# सत्संग में 121 लोगों ने लिया देहदान का संकल्प, भरे फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

शहर के सिटी ग्राउंड में रविवार को बस्तर संभागीय स्तरीय संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा एक दिवसीय विशाल सत्संग हुआ। इसमें सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाजहित में कई अद्वितीय पहल की गईं, जिनमें प्रमुख रूप से चार जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह, लगभग 70 से अधिक यूनिट रक्तदान तथा 121 से अधिक देहदान जैसे संकल्पों की शपथ शामिल रही। कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क और महाराज की शास्त्र आधारित शिक्षाओं के अनुसार आयोजित किए गए।

## रक्तदान में दिया 70 यूनिट ब्लड, चार जोड़ों का दहेज मुक्त हुआ विवाह





### ये हुए शामिल

इसमें प्रमुख अतिथियों में महापौर संजय पांडे, नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन, नगर स्वच्छता विभाग सभापति लक्ष्मण झा, भाजपा के नगर मंत्री शशिनाथ पाठक, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम आदि शामिल रहे।

सत्संग में राज्य सेवादार दुष्यंत दास और पंकज दास शामिल थे। साथ ही संभागीय सेवादार गनपत सेठिया और जिला सेवादारों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हुईं। कार्यक्रम से प्रेरित होकर कई लोगों ने नाम दीक्षा भी ग्रहण की और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में दहेज प्रथा, नशा, अंधविश्वास एवं व्यर्थ खर्चों के खिलाफ जागरूकता का संगठित प्रयास भी रहा। ऐसे आयोजनों से यह संदेश मिलता है कि जब आध्यात्मिक ज्ञान और सामाजिक सुधार साथ चलें, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आता है।

## दुस्साहस : डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष हाथ जोड़कर मांगी माफी

# सोशल मिडिया में की संविधान निर्माता पर अभद्र टिप्पणी, क्षमा मांगने पर मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भीम आर्मी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने लिया था हिरासत में

यूपी के नगीना सांसद व एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद व संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के बारे में सोशल मिडिया में अभद्र एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना लाया गया। युवक को संविधान का पाठ पढ़ाया गया, जिसके बाद उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सभी समाज प्रमुखों को हाथ जोड़कर अपनी मजबूरी बताते हुए माफी भी मांगी। इसके बाद बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़कर गलती के लिए क्षमा मांगी।



गौरतलब है कि शहर में अटल आवास निवासी विनोद चतुर्वेदी ने फेसबुक आईडी में नगीना सांसद एडवोकेट चंद्र शेखर आजाद एवं बाबा भीमराव अंबेडकर के बारे में अभद्र एवं आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इसकी शिकायत भीम आर्मी व सर्व अनुसूचित जाति समाज द्वारा कोतवाली थाना में की गई थी। भीम आर्मी के संभागीय अध्यक्ष सोयल नाग व सर्व अनुसूचित जाति समाज ने उनकी माफी स्वीकार करते हुए बताया कि विनोद चतुर्वेदी 57 वर्ष का है और आज उसके घर में बीवी बच्चे सभी उसे छोड़ चुके है और वो अब दोबारा ऐसा गलती नहीं करेगा। उसने सभी समाज के लोगों के सामने माफी मांगकर अपनी गलती स्वीकार किया है और आज के बाद दोबारा ऐसा घटिया हरकत नहीं करूंगा करके अपने माता-पिता एवं बच्चों की कसम खाई है। इसलिए हमने एक बार उसे माफ किया है, आगामी में ऐसा कुछ हरकत करेगा तो उसे कानूनी कार्यवाही करने में कोई माफी नहीं मिलेगा।

सर्व अनुसूचित जाति समाज वर्ग के जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे ने कहा कि विनोद चतुर्वेदी ने नगीना सांसद व एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जो कि एक मात्र स्वतंत्र दलित समुदाय से सांसद है, उनके छवि को धूमिल करना एवं संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम को अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट करना शर्मसार करने जैसा कृत्य किया है। जिसको हम कड़ी से कड़ी कार्यवाही करवाने वाले थे, मगर विनोद चतुर्वेदी ने अपनी गलती स्वीकार किया।

### *भीम आर्मी सभी धर्मों का सम्मान करता है*

*भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष मनोहर दास मानिकपुरी ने बताया कि भीम आर्मी बस्तर में समानता चाहता है। सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, भारतीय संविधान सबके लिए है। हम उसका सम्मान करते हैं, अगर कोई हमारी आस्था को ठेस पहुंचाएगा, हम उसे संविधानिक ऐसे ही न्याय करेंगे। इस दौरान परिसंघ के जिलाध्यक्ष सतीश वानखड़े, भीम आर्मी के संभागीय उपाध्यक्ष जॉन नाग व अन्य ने भी अपने विचार रखा।*

# परशुराम जयंती पर ब्राम्हण समाज भव्य आयोजन करेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सरयूपाणी समाज भवन में बैठक में विभिन्न समाज के लोग हुए शामिल
- दंतेश्वरी मंदिर परिसर से निकलगी शोभायात्रा, मुख्य मार्गों में विभिन्न समाजों की होगी सहभागिता

30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती उत्सव भव्यत से मनाने सर्व ब्राम्हण समाज की आवश्यक बैठक रविवार को हाता मैदान के करीब सरयूपाणी समाज भवन में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समाजों के प्रमुख मौजूद थे। बैठक में भगवान परशुराम जयंती मनाने सर्व ब्राम्हण समाज प्रमुखों को जिम्मेदारी देने व उत्सव भव्यता से मनाने विचार विमर्श करते हुए तैयारी शुरू कर दी गई।

इस बैठक में भगवान परशुराम जयंती उत्सव को भव्य रूप से मनाने के संबंध में सभी ब्राम्हण समाज के उपस्थित पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बात रखा। बैठक में भगवान परशुराम जयंती उत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से चर्चा हुई। रैली, वेशभूषा, मंच आयोजन, पूजा अर्चना व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। दंतेश्वरी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकालकर शहर के मुख्य मार्गों से निकालने व सर्व ब्राम्हण समाज प्रमुखों को जिम्मेदारी देने पर चर्चा की गई। बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज के रंजीत पाण्डेय, बालकृष्ण शर्मा, अमन शर्मा, कौशिक शुक्ला, संजीव शर्मा, राजेश दास, सुमित महापात्र, विघ्नराज मिश्रा, रोशन झा, ललिन शुक्ला, अजय तिवारी, अजय पाठक, पंकज मिश्रा, नीलकंठ पांडेय, योगेश शुक्ला, कमलेश पाठक, अनिरुद्ध मिश्रा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज ने 37 वां वार्षिक अधिवेशन धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के 37 वें वार्षिक अधिवेशन धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। शीतला मंदिर से बुड़ादेव मंदिर तक बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। टांहकापार कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम मुड़ा क्षेत्र के बागडोंगरी के अंतर्गत नरहरपुर नगर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया एवं शीतला मंदिर से बुड़ादेव मंदिर तक बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया। समाज के सदस्यों ने श्रद्धाभाव से भाग लिया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने आदिवासी समाज के विकास और उनकी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। अध्यक्षता करते हुए राजेन्द्र ध्रुव ने समाज के विकास में एकजुटता और समर्पण की आवश्यकता को व्यक्त किया। इस वार्षिक अधिवेशन ने आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के सदस्यों में एकता और सहयोग की भावना को और भी मजबूत किया। सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर इस अवसर पर समाज के विकास और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा किया। आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के 37 वें वार्षिक अधिवेशन में समाज के वरिष्ठ सदस्यों और युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।





# धनोरा पारंपरिक वार्षिक देव मेले में पहुंचे सांसद और विधायक



**धनोरा।** पारंपरिक वार्षिक देव मेला में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम एवं कांकेर लोकसभा कांकेर सासंद भोजराज नाग 19 अप्रैल को शामिल हुए। इनके साथ पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, केशकाल जनपद अध्यक्ष नंदनी पोटाई, केशकाल जनपद सदस्य हितेश नेताम,धनोरा मण्डल अध्यक्ष संतोष सिन्हा ,केशकाल मण्डल अध्यक्ष लम्बोदर सलाम, केशकाल सरपंच संघ के अध्यक्ष गोपेन्द्र मरकाम, रमेश यादव, अजय मिश्रा, राम यदु, सहित बड़ी संख्या में भाजपा समर्पित कार्यक्रता एवं नागरिकजन भी पहुंचे। इसके पहले विधायक का स्थानीय रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। रेस्ट हाउस से पैदल नागरिकजन के साथ सभी से भेंट मुलाकात करते हुए मेला स्थल तक जनप्रतिनिधि पहुंचे। सर्वप्रथम मंदिर में माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिए। वही मेले में झूले का भी आनंद लिया।

# भाजपा का भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान 25 अप्रैल तक चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 14 अप्रैल से 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। जिसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के संपूर्ण जीवन, देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को बताया जा रहा है। जिसके लिये भाजपा विभिन्न कार्यक्रम,चर्चा, गोष्ठी का आयोजन कर रही है। इसी तारतम्य में आगामी 22 अप्रैल को स्थानीय पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हॉल में विशेष संगोष्ठी का आयोजन भाजपा कर रही है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री सत्यपाल सिंह बघेल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आज रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के विचारों को जन जन तक पहुँचाने विविध कार्यक्रम कर रही है। 22 अप्रैल को आयोजित विशेष संगोष्ठी में केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल सम्मिलित होंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनायें।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि डा.अंबेडकर ने भारत के संविधान की नींव रखी। भाजपा के डा. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम में नगर निगम पूर्ण सहयोग और गरिमा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिला मंत्री नरसिंह राव ने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में कार्यकर्ता समस्त कार्यकर्ता सम्मिलित हो एवं आमजन को भी जोड़ने प्रयास करें। बाबा साहेब के विचारों का व्यापक प्रसार कार्यक्रम का उद्देश्य है। बैठक का संचालन नगर महामंत्री आर्येन्द्र सिंह आर्य एवं आभार प्रदर्शन नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने किया। इस अवसर पर योगेंद्र पाण्डेय, खेमसिंह देवांगन, हरिराम मंडावी, प्रवीण सांखला, पुरुषोत्तम जोशी, आलोक अवस्थी, शशिनाथ पाठक, तुलसुराम कश्यप, दिनेश के.जी., राजपाल कसेर, संतोष गौर, लक्ष्मण झा, यशवंत ध्रुव, पितामह नायक, संजय विश्वकर्मा, निर्मल प्रसाद पाणिग्रही, कलावती कसेर, उमा मिश्रा, ललिता बघेल, उर्मिला यादव, आशा साहू, श्वेता बघेल, गायत्री बघेल, पूनम सिन्हा, गिरिजा गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, हरीश पारेख, तरूण पाण्डे, मुन्नालाल कश्यप, सुखदेव मंडावी, गणपति, दिलीप दास सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएफओ आलोक ने मुनारा सत्यापन का लिया जायजा

# मुनारा सत्यापन के लिए वन अमला जंगलों की छान रहा खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वन मंडल कांकेर के 5 परिक्षेत्र का वन अमला 41 डिग्री के तापमान में मुनारा सत्यापन के लिए जंगलो में भ्रमण कर रहा है, यहाँ तक वनमंडलाधिकारी भी जंगलों में पहुँचकर वन अमले के द्वारा किए जा रहे सत्यापन की जाँच कर रहे है। 41 डिग्री के चिलचिलाती धूप में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा जंगलो में पहुँचकर मुनारा सत्यापन में लगे हुए है, यही बड़ी बात है। वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 18 अप्रैल से प्रारंभ हुआ है और 24 अप्रैल तक रहेगा। इस दौरान वन सीमाओं के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उपवनमंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र अधिकारी भी अपने कार्य क्षेत्र में कम से कम 20 से 25 किमी सीमा रेखा के लंबाई का सत्यापन करने में डटे हुए है। सीमा सत्यापन के लिए परिसर रक्षक को परिसर के अंतर्गत आने वाले कक्षों में तथा सहायक परिक्षेत्र अधिकारी को उप परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त बीटों के सत्यापन करने में डटे हुए है। यह टीम टोपोशीट को आधार मानकर वन खंडवार निकाली गई मुनारों की संख्या के अनुसार वन सीमा निरीक्षण प्रपत्र में मौके में वन सीमा का सत्यापन कर सत्यापन में पाई गई मुनारों की स्थिति जैसे अच्छा, कच्चा, मरम्मत, योग्य मौके पर नही पाए गए की रिपोर्ट बना रहे है। वन सीमाओं के सत्यापन के दौरान सत्यापन करने वाले अधिकारी, कर्मचारी द्वारा प्रत्येक मुनारे का प्रकार उसकी हालत तथा सीमा रेखा पर अतिक्रमण की जानकारी रखेंगे।



### एसडीओ व रेंजर को दिए निर्देश

वन मंडलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कांकेर वनमंडल में वन सीमा सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, यह सप्ताह 24 अप्रैल तक चलेगा। इसके लिए एसडीओ एवं परिक्षेत्र अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समय सीमा में मुनारे का सत्यापन करते हुए पत्रक के अनुसार रिपोर्ट बनवाकर प्रस्तुत करें।

## पेज 11 के शेष

### 840.77 लाख के...

अध्यक्ष नारायण ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मालती मण्डावी, श्रीमती महावती मण्डावी, मनकु पोयाम, कमल ठाकुर, मनकु पोडियामी, कोसाराम पोयाम, मिटकु राम बघेल, सोहनलाल मण्डावी, बामन वेट्टी, विमल पाण्डेय, सौहन, अर्जुन सेठिया, झुनको कर्मा, राजेन्द्र मरकाम, सुमन कश्यप, प्रतिभा मण्डावी, रूपाराम मण्डावी, चैतु पोडियम, मगलु कश्यप, ममता मण्डावी, किरन पोयाम, बलराम, बली कश्यप, पायको वेको, मुन्ना राम मरकाम व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### राकसमुंडा तालाब की...

पुजारी भी जानते हैं। वार्डवासियों की शिकायत पर पार्षद संग्राम सिंह राणा, तहसीलदार रूपेश कुमार मरकाम एवं पटवारी बीआर पोरते की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार मरकाम ने कहा वार्ड वासियों के शिकायत पर स्थल का निरीक्षण किया गया है पुराने रिकॉर्ड निकला जाएगा। जल्द टीम गठित कर रहा हूं जिसमें आरआई, पटवारी, नजुल शाखा के अधिकारी गण स्थल निरीक्षण कर मुझे अवगत कराएंगे। तालाब गांव की रहेगी तो उसे मुक्त किया जाएगा। उस जगह में जितने भी नजूल की जमीन निकलेंगे उसे भी मुक्त किया जाएगा। इस दौरान तेज सिंह ठाकुर,प्रभांस गुप्ता,कनहैया गुप्ता,सालिक राम गुप्ता,जयंती डे समेत वार्डवासी उपस्थित थे।

**तालाबों में अवैध कब्जा रोकने कानूनी उपाय–** पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा प्रशासन अपना काम कर रहा है। तहसीलदार स्वयं इस पर संज्ञान लिए हैं। तालाबों पर अवैध कब्जे को रोकने के लिए कानूनी उपाय उपलब्ध है। प्रशासन समुदाय और सभी लोगों को मिलकर इस समस्या से निपटने के लिए काम करना चाहिए। वार्डवासियों ने रहने के लिए पट्टे की भी मांग की है, तहसीलदार ने जल्द निराकरण करने की बात कही है।

### मसीह समाज ने...

अगरबत्ती, मोमबत्ती बुके रख रहे थे और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे थे। विभिन्न चर्चों में यीशु के जी उठने के संबंध में आराधना हुई, विभिन्न चर्च में यीशु मसीह के जी उठने के संबंध में बाइबल से प्रचार किया गया। इसी क्रम में चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च में सुबह से आराधना आरंभ हुई। आज की आराधना का संचालन रेव्ह. लारेंस दास ने किया। चर्च में महिला समिति के द्वारा विशेष गीत गाया और क्वायर टीम ने भी विशेष गीत गाया। वक्ता के रूप में बिशप डॉ. एस सुना ने अपने वक्तव्य में बताया कि यीशु मसीह जी उठा है। इसके लिए बाइबल में विभिन्न उदाहरणों से वचन द्वारा प्रचार किया गया, पूरे बस्तर के अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई, केंद्र और राज्य के तमाम राजनेताओं के लिए भी दुआ मांगी गई।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों ने दिया सफाई का संदेश



**बास्तानार।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में शुक्रवार को विद्यालय के शिक्षकों ने स्वयं विद्यालय व छात्रावास की सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। समस्त स्टाफ सहित कर्मचारीयों ने विद्यालय भवन परिसर, छात्रावास परिसर, पार्क आदि की सफाई में हिस्सा लिया और छात्र-छात्राओं को जीवन में साफ-सफाई का महत्व समझाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जिससे समाज में बहुत सी बीमारियों से बचाव किया जा सके और छात्र जीवन में एक अनुशासन व अच्छी सोच पैदा हो सके। इस दौरान समस्त स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### इंद्रावती नदी सूखने से मक्का फसल चौपट, किसान खेतों में चरा रहे मवेशी

# इंद्रावती सूखी, मक्का फसल तबाह खेतों में चारा बन रही मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा /भोंड



बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत भाटपाल के अंतर्गत ग्राम भुरसुंडी में इस वर्ष जल संकट का गंभीर असर देखने को मिला है। इंद्रावती नदी जो इस क्षेत्र की प्रमुख जीवनरेखा मानी जाती है, इस बार समय से पहले ही पूरी तरह सूख चुकी है। इसका सीधा असर किसानों की मक्का की फसल पर पड़ा है। बिना पानी के मक्का की फसलें पूरी तरह सूख गई हैं, जिससे किसान बेहद संकट में हैं।

■ प्रभावित किसानों की फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा देने की मांग

मजबूरी में किसानों ने अब अपने मक्का की फसल को जानवरों के चारे के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। खेतों में अधपकी और सूखी मक्के की फसलें अब गाय, बैल और बकरियों के भोजन का साधन बन चुकी हैं। यह स्थिति क्षेत्र की खेती-किसानी की बदहाली को दर्शाती है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने मक्के की फसल में हजारों रुपये खर्च किए थे, लेकिन सूखे की मार ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जनपद पंचायत बस्तर के सदस्य हेमराज बघेल ने राज्य सरकार से पीड़ित किसानों के लिए अविलंब मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि भुरसुंडी सहित इंद्रावती नदी से प्रभावित कई गांवों में किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। फसल का एक दाना भी घर नहीं आया।

यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, प्रशासनिक लापरवाही का भी परिणाम है। सरकार को चाहिए कि तत्काल सर्वे करवा कर किसानों को राहत दे। श्री बघेल ने आगे कहा कि इंद्रावती नदी के सूखने के पीछे जल संरक्षण की कमी और योजना के अभाव को भी जिम्मेदार माना जाना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इंद्रावती नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन हेतु विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही, प्रभावित किसानों को फसल बीमा योजना के तहत या विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत त्वरित मुआवजा दिया जाए। ग्राम भुरसुंडी के किसान भी सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई की जाए । यह समस्या केवल भुरसुंडी तक सीमित नहीं है, बल्कि बस्तर के कई इलाकों में जल संकट और फसल नुकसान की यही स्थिति बनी हुई है। किसान अब शासन और प्रशासन की ओर उम्मीद से देख रहे हैं कि उन्हें इस कठिन समय में सहारा मिले।

### बंजर भूमि बनी उर्वर

## मावलीगुड़ा स्कूल की पोषण वाटिका से निकला 4 क्विंटल प्याज



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा राजपुर ने एक मिसाल पेश की है। जहां विद्यालय की पोषण वाटिका से इस वर्ष लगभग 4 क्विंटल प्याज की पैदावार हुई है। यह उपलब्धि विद्यालय के प्रधानपाठक शोभी राम बघेल, शिक्षक गिरिजा साहू, एजेस कुमार साहू के मार्गदर्शन, और बच्चों की मेहनत का परिणाम है।



विद्यालय परिसर की यह भूमि पहले बंजर मानी जाती थी, लेकिन अमरु राम भारती (रसोइया) और उनकी पत्नी, लेबोराम, स्वीपर आसमती तथा ग्राम के जागरूक नागरिक सोनू की सतत मेहनत से इसे उपजाऊ बनाया गया। इन सभी ने मिलकर न केवल खेत की जुताई और बुआई की, बल्कि नियमित देखभाल और सिंचाई के द्वारा प्याज की यह शानदार फसल उगाई।

इस सामूहिक प्रयास ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन, सामूहिक सहयोग और परिश्रम से कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है। ग्रामवासियों और स्कूल परिवार की इस पहल से अन्य शालाओं और गांवों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### प्रधानमंत्री आवास की सौगात...



**जगदलपुर।** शहर सीमा से लगे ग्राम पंचायत आड़ावाल के नयापारा में रविवार को प्रधानमंत्री आवास के लिए स्वीकृत घरों का भूमिपूजन किया गया। सरपंच जयंती कश्यप और पंचों समेत वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश शर्मा की मौजूदगी में ग्रामीणों को मिलने वाली सौगात की शुरूवात की गई।

# कचनार में राम मंदिर निर्माण फिर से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत कचनार (बोरपदर) में अधूरे राम मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु राम मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया है।

समिति की अध्यक्षता गजानंद दास कुलदीप को सौंपी गई है। अन्य

■ गजानंद दास बने समिति के अध्यक्ष

पदाधिकारियों में पाकलूराम कश्यप को सचिव, विद्याधर सेठिया को कोषाध्यक्ष, तुलसीराम बघेल व गुड्डुराम भद्रे को उपाध्यक्ष, तथा खगेश्वर कर्मा सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया है। समिति की



पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा और इसके लिए रूपरेखा आज से ही तैयार की गई है। बैठक में बड़ी संख्या में समिति सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे। बताया गया है कि मंदिर की नींव वर्ष 1992-93 में क्षेत्र के सनातनी हिंदू समाज एवं बजरंग दल के वरिष्ठ सदस्यों की सहभागिता से रखी गई थी।

तब से अब तक मंदिर निर्माण का कार्य अधूराही पड़ा है। मंदिर निर्माण को पूर्ण करने हेतु क्षेत्र के बजरंग दल के सदस्यों द्वारा निर्माणाधीन स्थल पर बैठक आयोजित की गई। गजानंद दास कुलदीप को समिति का अध्यक्ष इसलिए चुना गया क्योंकि उनकी कार्यशैली धर्म के प्रति रुझान वाली है। उन्होंने पूर्व में नेगानार स्थित शिव मंदिर व बोरपदर के माता मंदिर एवं कबीर कुटी निर्माण में उल्लेखनीय सहयोग व धर्म के प्रति सक्रिय योगदान दिया था।

धार्मिक कार्यों में उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति ने मंदिर निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र में गौशाला निर्माण को भी प्राथमिकता देने की बात कही है। महेश कश्यप जबसे बस्तर के सांसद चुने गए हैं तबसे क्षेत्र में लोगों में धर्म के प्रति अच्छी जागरूकता आई है। लोगों में धर्म के प्रति प्रभावना तेजी से बढ़ रही है। आदिवासी विकासखंड बकावंड क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक होने के बावजूद सनातनी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास शुरू है। गौरतलब है कि सांसद महेश कश्यप बस्तर में बड़े पैमाने पर जारी धर्मांतरण के बीच आदिवासी परंपरा संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सांसद चुने जाने के सालों पहले से ही समर्पित भाव से काम करते आ रहे हैं। आदिवासियों को उनकी पूजा पद्धति से अलग करने वालों के खिलाफ सांसद महेश कश्यप ने धार्मिक तरीके से जंग छेड़ रखी है। गांवों में देवी देवताओं के मंदिरों का निर्माण लगातार हो रहा है।

### निधन

### बैजनाथ कोस्टा



**जगदलपुर।** नयापारा निवासी बैजनाथ कोस्टा का रविवार को असामयिक निधन हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ थे। वे सतीश साव एवं रवि साव के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा कल सोमवार को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## ग्रामसभा में ग्रामीणों की दिखी एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता 2 में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बसंत टोप्पो थे। कृषि विस्तार अधिकारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्रामसभा के उद्देश्यों और महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा के सरपंच ईश्वर मंडावी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामसभा में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे ग्राम पंचायत के विकास एवं कार्ययोजना में भागीदार बनकर ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास में सहयोग करें। इस अवसर पर उप सरपंच सामबती ठाकुर, जनपद सदस्य समली कश्यप, जगरू कश्यप, सोमारी नाग, गोमती ठाकुर, लिकेश कश्यप, गदाराम नाग, गोमती कश्यप, संपत मंडावी, सुरेश पोयाम, लखमू नाग, लोकनाथ ठाकुर और रोजगार सहायक हेमराज मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## माओवादियों के नापाक मंसूबों को किया विफल



**बीजापुर।** जिले के उसूर इलाके में सुरक्षाबलों के जवानों ने नक्सलियों द्वारा लगाये गये दो आईईडी को बरामद कर उसे सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया है। सूत्रो के मुताबिक शुक्रवार को गुंजेपर्ती कैम्प 205 कोबरा की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इस दौरान डेढ़ किग्रा के दो आईईडी बरामद कर सुरक्षित नष्ट किया गया। डीमाईनिंग डयूटी के दौरान सुबह नौ बजे के आसपास गुंजेपर्ती कच्चे रास्ते में माओवादियों द्वारा लगाए गए दो बीयर बॉटल में आईईडी को नष्ट किया गया। कोबरा 205 की बीडी की टीम के द्वारा मौके पर आईईडी को सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया।

## प्राचार्य व संकुल समन्वयकों की बैठक बीईओ ने ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैठक



विकासखंड शिक्षा अधिकारी बस्तर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक बस्तर के द्वारा विकासखंड बस्तर के समस्त प्राचार्य की बैठक ली गई।

जिसमें महत्वपूर्ण रूप से जाति प्रमाण पत्र आईपीआर एंट्री लंबित अवकाश पर विस्तृत चर्चा कर उच्च कार्यालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देश को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में सभी खण्ड स्तरीय प्राचार्य उपस्थित थे। सर्व प्रथम नवपदस्थ बीईओ भारती देवांगन का सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा उपस्थित प्राचार्यो को परिचय कराया गया। सभी प्राचार्यो ने करतल ध्वनि से भारती देवांगन बीईओ का स्वागत किया। वही नवपदस्थ बीईओ द्वारा ब्लॉक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने सभी से सहयोग की अपील की है। आज की बैठक में अन्य सभी विषयों पर भी चर्चा की गई।

### रस्सी और लकड़ी के खंभा में कलात्मक योगाभ्यास

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे पारंपरिक खेल







हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

दंतेवाड़ा जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में बहुत सी प्रतिभाएं छिपी हुई है। बस उन प्रतिभाओं को सही मंच और मार्गदर्शन देकर निखारने की जरूरत है। शिक्षा विभाग द्वारा समर कैम्प जिलेभर के आवासीय विद्यालयों में चलाया जा रहा है। जहां बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और संवारने का काम किया जा रहा है। कुआकोंडा के गुरुकुल आवासीय विद्यायल पोटाकेबिन क्रमांक 2 में इन दिनों छात्र-छात्राओं को पारम्परिक मलखम्भ की विधाओं का जमकर अभ्यास कराया जा रहा हैं। बच्चों की कलात्मक रुचि इस खेल के प्रति देखते ही बनती है। जिला शिक्षा अधिकारी एसके अबस्था और डीपीसी हरीश गौतम द्वारा सतत जिलेभर में समर कैम्प की मॉनिटरिंग कर व्यवस्था और बच्चों की सुविधाओं को देखा रहा है। आपको बता दे कि समर कैंप में प्रतिदिन 60 छात्र-छात्राएं सुबह और शाम दो-दो घंटे मलखम्भ की विभिन्न कलाओं का अभ्यास जमकर कर रहे हैं। उन्हें प्रशिक्षण देने नारायणपुर जिले से आये दो अनुभवी प्रशिक्षक कमलू पोयाम और राजबती नुरेटी द्वारा बच्चों को खेल की बारीकियों के साथ-साथ आत्मविश्वास, संतुलन और शारीरिक लचीलापन भी सिखाया जा रहा हैं। पोटा केबिन अधीक्षक प्रभाकर राठौर ने बताया कि बच्चे इस प्रशिक्षण को पूरी लगन और अनुशासन के साथ खेल रहे हैं। रोज मलखम्भ के नए-नए आसन, संतुलन की तकनीकें और कलात्मक मुद्राओं का अभ्यास करके बच्चे इस पारंपरिक खेल में पारंगत हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मलखम्भ न केवल एक खेल है बल्कि यह शारीरिक विकास, एकाग्रता और मानसिक संतुलन का भी उत्कृष्ट साधन है।

आने वाली 29-30 अप्रैल को जिला स्तर पर एक भव्य प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पोटाकेबिन क्रमांक 2 के बच्चे अपनी सीखी हुई मलखम्भ विधाओं का प्रदर्शन करेंगे। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभा को भी मंच भी प्रदान करेगा। समर कैंप के माध्यम से न सिर्फ खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास हो रहा है।



## कांस्य पदक पर कब्जा

**जगदलपुर।** चौथे खेलो मास्टर्स गेम दिल्ली, जिसका आयोजन कामनवेल्थ खेलगांव स्टेडियम दिल्ली में आयोजित किया गया था। छग की 50+ की फुटबॉल टीम ने कांस्य पदक पर कब्जा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंबिकापुर, सरगुजा और रायपुर के खिलाड़ियों से सजी छत्तीसगढ़ की टीम में जगदलपुर से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मोहम्मद शकील खान और दंतेवाड़ा में आबकारी विभाग में कार्यरत देवेंद्र ठाकुर भी शामिल रहे। शकील खान द्वारा दूसरे मैच में टीम की कप्तानी भी की। सीजी मास्टर्स टीम के महासचिव नरेंद्र नशीने, अरशद हुसैन और अंबिकापुर से सत्या नेताम का विशेष योगदान रहा। इसी तरह टीम के एथलीट सदस्यों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए, स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक पर कब्जा किया।

# सीएमडी का किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

नगर के विकास और सौदंर्यीकरण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, सतीश प्रेमचंदानी और बीजेपी के पार्षदगण बचेली दौरे पर आये। एनएमडीसी सीएमडी अमिताभ मुखर्जी से सौजन्य मुलाकत की। उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया एवं नगर के विकास के लिए अपने कुछ मांगो को उनके सम्मुख प्रस्तुत किया। राजू जायसवाल द्वारा प्रमुखता से हर वार्ड में जल आपूर्ति के लिए बोरवेल खनन, शिव मंदिर रोड डामरीकरण, शव वाहन, एम्बुलेंस वाहन प्रदाय, एनएमडीसी अपोलो अस्पताल में ओपीडी पर्ची 65 रूपए लिए जा रहा हैं, उसे पहले के भांती 10 रूपए करने के लिए भी निवेदन किया गया हैं। अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण जैसे सिटी स्कैन, सोनोग्राफी, एमआरआई की व्यवस्था का भी ज्ञापन सौपा गया हैं। सीएमडी द्वारा उनके ज्ञापन पर विचार करने और व्यवस्था का भी आश्वासन दिया गया हैं।



## खबर संक्षेप

### चयन परीक्षा में हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल



**जगदलपुर।** आदिम जाति और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए रविवार 20 अप्रैल को चयन परीक्षा वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के एक हजार से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इस बारे में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जीआर शोरी ने बताया कि कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में उक्त प्रवेश परीक्षा के लिए जिले के कुल 1306 परीक्षार्थियों ने पंजीयन करवाया था और रविवार को स्थानीय निर्मल विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर आयोजित चयन परीक्षा में 1007 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान उक्त परीक्षा केंद्र में राज्य स्तरीय प्रेक्षक अपर संचालक एआर नवरंग सहित जिला स्तरीय प्रेक्षक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर भरत कौशिक द्वारा परीक्षा का निरीक्षण किया गया। साथ ही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जीआर शोरी, तहसीलदार रूपेश मरकाम एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी एमएस भारद्वाज ने इस परीक्षा के आवश्यक व्यवस्था तथा सुचारू संचालन का जायजा लिया।

### शतरंज प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत



**जगदलपुर।** स्पोर्ट्स क्रॉनिकल्स द्वारा 19 और 20 अप्रैल को इंदिरा स्टेडियम जगदलपुर में शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में 80,000 रूपये से अधिक के नकद पुरस्कार वितरित किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल के रूप में भागीदारी पुरस्कार भी प्रदान किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे, विशिष्ट अतिथि नगर निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन शशिनाथ पाठक, शशांक शेंडे उपस्थित रहे।



### मसीह कब्रिस्तान में प्रियजनों की कब्रों पर दी श्रद्धांजलि

# मेथोडिस्ट चर्च में मना पुनरुत्थान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में रविवार को पुनरुत्थान दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रभु यीशु के मरण उपरांत को लघु नाटक के रूप में महिला समिति की बहनों ने बड़े भोर को मंच पर प्रस्तुत किया। उसके बाद यीशु मसीह के पुनरुत्थान के गीतों को गाते हुए मसीह कब्रिस्तान जाकर अपने प्रिय जनों की कब्रों पर श्रद्धांजलि अर्पण किया। बताया जा रहा है कि ईस्टर का त्यौहार जो मसीहीओं के लिए एक बड़ा त्यौहार है, जिसे पुनरुत्थान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इसलिए आज की आराधना में विशेष गीतों के माध्यम से संडे स्कूल शिक्षकों एवं महिला समिति की बहनों और क्वायर के जवान एवं बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता रेव्ह. रवींद्रनाथ द्वारा प्रभु यीशु मसीह के संदेश को जिसमें उन्होंने मानव जाति को प्रेम, दया, सहनशीलता, कर्म आदि सिखलाया उसके बारे में बताया और उनके पुनर्जीवित एवं पुनरुत्थान के अंतर को स्पष्ट किया गया।





रेव्ह. यूसुफ सिंह ने आराधना का संचालन किया। अंत में रेव्ह. नाथ ने आशीष वचन देकर आराधना संपन्न की। उसके पश्चात कलीसिया में कल शाम को 4 बजे से ईस्टर मेला का चर्च ग्राउंड में आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलीसिया के बहुत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल समेत इंद्रावती और कोसारटेडा पर कोई चर्चा नहीं : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर में दो दिन रहे सीएम, मुख्य समस्याओं की अनदेखी
- कांग्रेस विधायक ने सरकार पर लगाए कई आरोप

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में दो दिन तक बस्तर विकास पर मंत्री, विधायक, सांसद और आला अधिकारियों की बैठक में बड़े-बड़े वादे किये गये लेकिन बस्तर की वर्तमान में ज्वलन्त मुददों और समस्याओं पर कोई चर्चा नहीं हुई। जबकि आज की स्थिति में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और इंद्रावती एवं कोसारटेडा में उत्पन्न समस्या से जनजीवन काफी प्रभावित है। बस्तर से कांग्रेस विधायक लखेष्वर बघेल ने रविवार को हरिभूमि से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नगरनार में स्थापित एन.एम.डी.सी के स्टील प्लांट में उत्पादन शुरू होने की बात कह कर श्रेय लिया जा रहा है लेकिन एन.एम.डी.सी को जमीन देने के बाद भी आज तक सुपर स्पेशिलिटि अस्पताल का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। नगरनार के समीप खुटपदर गांव में जमीन दी गई है जहां केवल चार दीवारी बना कर छोड दिया गया है। वहीं मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के सामने अस्पताल भवन अलग से बना दिया गया है जिसे मार्च तक विषेज्ञ चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक उपकरण के साथ शुरू करने की बात कही गई थी इस पर भी बैठक में कोई निर्णय नहीं हुआ। यहां अपोलो समूह के द्वारा संचालन करने की हवा हवाई बांते कही जा रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी सीजन शुरू हो चुका है और बस्तर में पेयजल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गांव-गांव में नल जल योजना का हाल बेहाल है जलस्तर गिरने से पीने के पानी के लिए ग्रामीण परेषान है। बस्तर की जीवनदायनी इंद्रावती नदी के सूखने से कई जगह नदी का स्वरूप खेल मैदान जैसा हो गया है वहीं कोसारटेडा के ग्रामीण बेदखल करने के डर से परेषान है। वहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों की जमीन लेने की बात कही जा रही है इस तरह पानी की गंभीर समस्या पर भी बैठक में क्या निर्णय हुआ इसे प्रचारित नहीं किया गया। विधायक ने कहा कि बस्तर विकास की केवल बड़ी–बड़ी बांते सरकार कह रही है लेकिन जमीनी स्तर पर कायम समस्याओं पर न कोई ध्यान दिया जा रहा है ना ही ठोस निर्णय लिये जा रहे है।



### स्कूलों की समस्याओं की अनदेखी

विधायक लखेष्वर बघेल ने कहा कि गर्मी छुट्टी के बाद नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने में ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन षिक्षा व्यवस्था में जो समस्याए है इसे सुलझाने में न प्रषासन गंभीर है न ही शासन की ओर से कोई ठोस काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री दो दिन तक बस्तर विकास का मंथन करते रहे किन्तु स्कूलों की दषा कब सुधरेगी इस पर भी कोई निर्णय नहीं लिए गए। उन्होंने कहा कि सैकड़ो स्कूल एकल षिक्षकिय है वहीं दर्जनों स्कूलों के भवन बच्चों की उपस्थिति के अनुसार पर्याप्त नहीं हैं। भवन निर्माण की स्थिति अच्छी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में विषय षिक्षकों की कमी का नुकसान बच्चों को हो रहा है ऐसी स्थिति में बस्तर विकास पर हुई बैठक जनहित के हिसाब से फायदेमंद नहीं रहा।

### चुनाव के बाद बेकार बैठे है पंच-सरपंच

विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि पंचायत चुनाव निपटे हुए काफी दिन हो गए पंचायत सचिव के हड़ताल में जाने से ग्राम पंचायत भवनों में ताला लगा हुआ है। पंच–सरपंच चुनाव जीत कर आए है वे जनहित में काम करने के उत्सुक है लेकिन अभी तक कई जगह प्रभार तक नहीं हुआ है इस तरह ग्रामीण क्षेत्र की समस्याएं लेकर ग्रामीण भटक रहे है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अपेक्षा की है कि बस्तर जैसे आदिवासी अंचल में गंभीर होती समस्याओं के निराकरण के लिए जल्द से जल्द ठोस पहल की जाए केवल हवा-हवाई बातों से भला नहीं होगा।

# बिजली का पोल किया गया दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खबर का असर

महारानी वार्ड में जर्जर नाली से बिजली खंभा झुका शीर्षक से आज प्रकाशित खबर पर तत्काल बिजली विभाग ने एक्शन लेते हुए झुके हुए खंभे को सुधार लिया। मौके पर मौजूद बिजली कर्मचारी देवेन्द्र भंडारी ने बताया कि झुका हुआ खंभा नाली जर्जर होने से खतरनाक स्थिति में रहा। नीचे सीमेंट कांक्रीट कर खंभे को सीधा किया गया और स्थायी रूप से समस्या को सुधारा गया। गौरतलब है कि मुख्य मार्ग पर खंभा झुकने से स्कूली बच्चों के साथ आने जाने वालों को भी परेशानी हो रही थी। बिजली विभाग ने समाचार प्रकाशित होते ही तत्काल सुधार कार्य कर लोगों को राहत दी है।






# प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- महापौर के प्रयास से हड़ताली कर्मचारी काम पर लौटे

महापौर संजय पाण्डेय ने शहर के लोगों को आ रही दिक्कतों और इन कर्मचारियों के पीड़ा को महसूस किया। उन्होंने पहल करते हुए कर्मचारियों की हड़ताल खत्म करा दी है। अब शहरवासियों को पेयजल, साफ सफाई, कचरा संग्रहण की दिक्क़त से निजात मिल जाएगी। प्लेसमेंट कर्मचारियों के काम बंद कर हड़ताल पर चले जाने से शहर में पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, डोर टू डोर कचरा संग्रहण जैसी जरूरी व्यवस्थाएं चरमराने लगी थीं। महापौर और आयुक्त प्रवीण वर्मा नगर निगम के अन्य कर्मचारियों की मदद से इन सभी व्यवस्थाओं को बहाल कर रहे थे। जिस वजह से शहरवासियों को ज्यादा तकलीफ नहीं हुई। महापौर ने हड़ताली कर्मचारियों के बीच जाकर उनसे सार्थक चर्चा की, उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों के निराकरण के लिए शासन स्तर पर जरूर पहल की जाएगी। इसके बाद प्लेसमेंट कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर दी। महापौर सभी पार्षदों से अपील की है कि पेयजल आपूर्ति, डोर टू डोर कचरा संग्रहण ऑटो एवं सफ़ाई व्यवस्था सुचारु रूप से शुरू हो सके इस बात की जानकारी सभी पार्षद एवं अधिकारी कर्मचारी अपने वार्ड में जुटाएं और जहां व्यवस्थाएं बहाल नहीं हुई हैं, उन क्षेत्रों की जानकारी महापौर को दें।



संतोष बाफना ने मप्र के सीएम को लिखा पत्र

# जैन संतो पर हुए हमले में शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मध्यप्रदेश के सिंगोली में जैन संतों पर हुए जानलेवा हमले के संबंध में पूर्व विधायक व जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य संतोष बाफना ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिख हमले में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

बता दें कि, विगत दिनों मध्यप्रदेश राज्य के नीमच जिले के अंतर्गत सिंगोली के समीप 3 पूज्य जैन साधु संत जो विहार के दौरान कछाला गांव के श्री बालाजी मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम के लिए ठहरे हुए थे उन पर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा जनलेवा हमला कर उन्हें बहुत ही बुरी तरह से घायल कर दिया गया।

बाफना ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को लिखे पत्र में कहा है कि, यह हमला केवल एक संप्रदाय पर नहीं बल्कि, हमारी भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, संयम और आध्यात्मिक गरिमा पर भी सीधा आघात है, जो पूरे जैन समाज के लिए असहनीय है। जैन संत, जो अहिंसा, शांति, तप और संयम के प्रतीक होते हैं, सदैव समाज को नैतिकता व सदाचार की प्रेरणा देते आए हैं। ऐसे पूज्य संतों के साथ इस प्रकार की हिंसक व अमानवीय घटना होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक भी है। जैन साधु-संत सादा जीवन व्यतीत करते हैं, किसी भी प्रकार की संपत्ति अपने पास नहीं रखते और याचना के माध्यम से भोजन ग्रहण करते है तो भला उनसे लूटपाट कर किसी को क्या ही मिलेगा। जबकि पुलिस विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज कर इस मामले को एक लूट की घटना बताया जा रहा है परंतु समस्त जैन समाज इस घटना को एक नियोजित षड्यंत्र मानता है जिसका उद्देश्य केवल संतों को डराकर जैन धर्म की स्वतंत्रता को बाधित करना प्रतीत होता है।



पूर्व विधायक बाफना ने घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून या अन्य कठोर धाराओं के तहत कार्यवाही करने और निकट भविष्य में इस प्रकार की किसी भी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी जैन साधु-संतों के विहार के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन को उनकी सुरक्षा का जिम्मा सौंपने की मांग की है और कहा है कि, जैन साधु-संतों सहित अन्य धार्मिक संतों की यात्रा व ठहराव को सुरक्षित बनाने हेतु एक विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए व मध्यप्रदेश के सभी जिलों के जिलाधीश व पुलिस अधीक्षक को इसके लिए विशेष दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएं।

# एनएसएल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एनएसएल में 14 से 19 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। एमएनवीएस प्रभाकर कार्यकारी निदेशक और प्रमुख एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह के भव्य समापन समारोह की अध्यक्षता की। बीआरके शेट्टी (सीजीएम), अशोक कुमार मिश्रा (सीजीएम) और अन्य जीएम, विभागाध्यक्ष और एनएसएल के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी भव्य समापन समारोह को देखने के लिए एकत्र हुए। इस सप्ताह को मनाने का उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिवारों और आम जनता के बीच अग्नि सुरक्षा जागरूकता का प्रचार करना है। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए निबंध और अग्नि नियंत्रण प्रतियोगिताएं शामिल थीं। एनएमडीसी टाउनशिप, धनपुंजी में लाइव प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारीयों के परिवारों को भी विभिन्न अग्नि रोकथाम और नियंत्रण उपायों के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों को अग्निशमन उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। समापन समारोह एक शिक्षाप्रद और मनोरंजक कार्यक्रम था, जिसमें अग्नि और सुरक्षा विभागों ने लाइव प्रदर्शन में उपकरणों, तकनीकों और वाहनों की पूरी सामग्री का प्रदर्शन किया। 9 विभिन्न प्रकार के अग्निशमन वाहनों और उनकी विशेषताओं और विशिष्ट उपयोग को वास्तविक आग जलाकर प्रदर्शित किया गया। आग के खिलाफ निवारक उपाय करने में सर्वश्रेष्ठ होने का प्रयास करने के लिए, अग्नि निवारण में उत्कृष्टता नामक एक रोलिंग ट्रॉफी का गठन किया गया। एनएसएल के बाय-प्रोडक्ट प्लांट ने यह ट्रॉफी जीती।





### कुशलता देख सभी दंग रह गए

एनएसएल के प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मियों की टीम के शौर्य एवं कुशलता देख सभी दंग रह गए। स्टील प्लांट में जिन जिन चीजों से आग लग सकती है और वास्तविक आग लगने की स्थिति में किस तरह अलग अलग स्थितितयों में उसे फैलने से रोका जा सके और उसे बुझाने का सही तरीका किया हो यह भी व्यावहारिक रूप से दिखाया गया। इस पूरे कार्यक्रम ने और खास कर एक ऊंची इमारत में आग में फंसे लोगों के बचाव अभियान ने एकत्रित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत माता की जय के नारों के बीच पानी के फव्वारों की तीन धाराएं तिरंगे का रूप लेकर सामने आयी और इस विलक्षण दृश्य के साथ इस आकर्षक प्रदर्शन का समापन हुआ।




# आध्यात्मिक सत्संग पर दहेज मुक्त विवाह एक अच्छी पहल : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सामाजिक कुरीतियों को दूर करके स्वच्छ भारत का निर्माण पर फोकस

मुनिन्दर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा रविवार को शहर के सिटी ग्राउंड में आध्यात्मिक सत्संग व दहेज मुक्त विवाह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को दूर करके स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस अवसर पर 4 जोड़े दहेज मुक्त विवाह के बंधन में बंधे। सात लोगों ने महारानी अस्पताल में रक्तदान किया वहीं 100 लोगों ने पेड़ दान संकल्प का फॉर्म भरा।





महापौर संजय पाण्डे ने कहा संत रामपाल महाराज के सानिध्य में और मुनिन्दर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आयोजित दहेज मुक्त, बारात मुक्त, बैंड बाजा मुक्त विवाह समाज को एक नई दिशा देगा। समाज में बदलाव तो आएगा साथ ही नई पीढ़ी को एक नई दिशा भी देगा। समाज में गरीबी, अशिक्षा जैसी बहुत सारी विसंगतियां फैली हुई है। विसंगतिया दूर करने आध्यात्म का बड़ा योगदान व महत्व है। आज शहर में जिस तरह का आयोजन हुआ है ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता फैले और लोग दहेज मुक्त विवाह में शामिल हों। समाज में दहेज प्रथा एक कलंक है इसे दूर करना हम सब का कर्तव्य है। इसके लिए सभी समाज आगे बढ़े व जागृत हो तभी इस विकराल समस्या से निजात पाया जा सकता है। हर देश की अपनी नीति है। भारत की नीति वेद, पुराण, शास्त्र, संत, मुनि है। भारत को परम वैभव तक ले जाना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजा राम तोड़ेम, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, शशिनाथ पाठक, दिनेश नाग, गणपत सेठिया, दुष्यंत साहू, पंकज दास, जगदीश दास, जयपाल सेठिया, वनवासी बघेल आदि मौजूद रहे।

